आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–19 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा व्यवस्था को अब यूपी पुलिस और मजबूत करने जा रही है। इसके लिए पुलिस विभाग एक करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के अत्याधुनिक उपकरण खरीदने की तैयारी कर रहा है। विभिन्न आतंकी समूहों सहित कई राष्ट्रविरोधी ताकतों की ओर से संभावित खतरों को देखते हुए महकमा हर स्तर पर मुख्यमंत्री के सुरक्षा घेरे को लगातार मजबूत करता रहता है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री को जेड प्लस श्रेणी और एनएसजी कमांडो का कवर प्राप्त है। वहीं प्रदेश पुलिस के जांबाज जवानों का दस्ता भी उनकी सुरक्षा में हर वक्त तैनात रहता है। मुख्यमंत्री के साथ ही राज्यपाल की सुरक्षा को भी पुख्ता बनाया जाना है। इस संबंध में शासन की ओर से एडीजी हेडक्वार्टर को जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिविशिष्ट और विशिष्ट महानुभावों के प्रदेश भ्रमण, रैलियों, धार्मिक स्थलों, कुंभ मेला सहित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 1 करोड़ 2 लाख 20 हजार रुपए के 91 उपकरणों की खरीद की जानी है।

****

समाजवादी पार्टी अपने बागी सात विधायकों की सदस्यता को खारिज करवाएगी। विधानसभा अध्यक्ष के सामने जल्दी ही याचिका दाखिल होने वाली है। विधायकी गई तो इन सीटों पर उपचुनाव होने की संभावनाएं बढ़ेंगी।

समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के दौरान बीजेपी को वोट देने वाले और लोकसभा चुनाव में बीजेपी के मंच पर मौजूद रहे और बीजेपी का प्रचार करने वाले अपने विधायकों के बकायदा वीडियो, ऑडियो सहित सबूत जुटाए हैं। सपा के सात विधायक हैं जिनकी सदस्यता जा सकती है इनमें मनोज पांडेय, राकेश सिंह, अभय सिंह, राकेश पांडेय, विनोद चतुर्वेदी, पूजा पाल और आशुतोष के नाम शामिल हैं।

****

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश भर के लोगों में उत्साह का माहौल है। 21 जून को आयोजित होने वाले इस दिवस को लेकर योग सप्ताह शिविरों की शुरूआत हो चुकी है। इन शिविरों में योग प्रशिक्षक लोगों को विभिन्न प्रकार के प्राणायाम कराने के साथ ही योगासन के लाभ भी बता रहे हैं।

इस क्रम में आज जनपद वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में योग शिविर का आयोजन कर लोगों को निरोग रहने का संदेश दिया गया। योग प्रशिक्षक डॉ राजकुमार मिश्रा ने बताया कि योग हमारे जीवन की प्राचीन पद्धति है। योग के माध्यम से ही निरोग रहने का सपना पूरा हो सकता है। उधर, वाराणसी के ही सिंधिया घाट पर महर्षि योग विद्याश्रम में लोगों को कपालभाति, अनुलोम विलोम, भुजंगासन, वृक्षासन सरीखे अन्य प्राणायामों का अभ्यास कराया गया। जनपद गोरखपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में चल रहे साप्ताहिक योग कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला महिला चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षकों और डॉक्टरों की देख रेख में गर्भवती महिलाओं ने प्राणायाम किया। इसी क्रम में जौनपुर में आज जगह जगह पर जिला प्रशासन की ओर से योगा कैंप लगाकर लोगों को योग से सेहतमंद जीवन जीने का तरीका बताया गया।

****

सनातन आस्था के केंद्र श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में साल दर साल श्रद्धालुओं की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि होती जा रही है। 13 दिसंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद से 16 जून 2024 तक 16.46 करोड़ भक्त श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में शीश नवा चुके हैं।

श्री बाबा विश्वनाथ के दरबार में सुगमता से दर्शन और सुविधाओं के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। अन्य शहरों से अच्छी कनेक्टिविटी ने भी काशी का समग्र विकास करते हुए धार्मिक पर्यटन को बढ़ाया है। जनवरी से मई 2023 के सापेक्ष 2024 में शिव भक्तों की संख्या में 48.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि 1 जनवरी से 31 मई 2023 तक एक करोड़ तिरानवे लाख बत्तीस हजार सात सौ इक्यानबे श्रद्धालुओं ने बाबा का दर्शन किया था, जबकि वर्ष 2024 में 1 जनवरी से 31 मई तक कुल दो करोड़ छियासी लाख सत्तावन हजार चार सौ तिहत्तर श्रद्धालु श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के चौखट पर हाजिरी लगाने पहुंचे। 2023 के मुकाबले वर्ष 2024 में तिरानबे लाख चौबीस हजार छह सौ बयासी श्रद्धालु अधिक पहुंचे हैं।

****

प्रदेश के कुछ जनपदों में हुई हल्की बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली है। मगर, उमस अब भी बरकरार है, जबकि प्रदेश के अधिकांश जनपदों में आज भी भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। कई जनपदों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है। हालांकि मौसम विभाग ने आगरा, फिरोजाबाद, हाथरस, मथुरा, अलीगढ़, जालौन, इटावा, कानपुर देहात, औरैया सहित पूर्वांचल के कई जनपदों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है।

****